प्रेषक,

विनय आर्या,
अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0 3
गोरखपुर।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद,
प्रयागराज उत्तर प्रदेश।

द्वारा,

श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
जनपद गोरखपुर।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि प्रार्थी जनपद गोरखपुर में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर तैनात है। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में मेरे द्वारा जनपद गोरखपुर में कार्यभार दिनांक 14.04.2021 को ग्रहण किया गया है।

मेरा स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण तथा पूर्व में मेरी रीढ़ की हड्डी (Back-bone) में दो जगह से फैक्चर हो जाने के कारण मेरा ईलाज आगरा में चल रहा है। इसके अतिरिक्त मुझे ऑल इण्डिया इंस्ट्रीयूट आफ मेडिकल साइन्स (AIIMS) नई दिल्ली भी समय–समय पर जाना पड़ता है।

ससम्मान् यह भी निवेदन करना है कि मेरे पिताजी एवं माता जी की उम्र 70 वर्ष से अधिक है। मेरे पिताजी की ऑख की रोशनी लगभग समाप्त हो गयी है जिस कारण उनका ऑखो का ईलाज जनपद गाजियाबाद में चल रहा है एवं मेरी माताजी का हाई शुगर व हृदय का ईलाज जनपद गाजियाबाद में चल रहा है।

परिवार से दूर रहने के कारण मुझे अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों निर्वहन करने में कठिनाई हो रही है।

अतः महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मेरे इस प्रत्यावेदन को माननीय न्यायालय के समक्ष सहानूभुतिपूर्वक विचारार्थ प्रस्तुत कर मेरा स्थानान्तरण जनपद गाजियाबाद के आस पास किसी भी जनपद में कराने की कृपा करे जिससे मै अपने राजकीय दायित्वों के साथ साथ अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन भली भॉति कर सकूॅ।

इस स्थानान्तरण के विषय में, मै किसी भी यात्रा भत्ते इत्यादि की मॉग नही करूॅगा।

मेरे स्थानान्तरण के विषय में सहानूभुतिपूर्वक विचार करने की कृपा करें। श्रीमान् जी की अति कृपा होगी।

सादर,

संलग्नकः– यथोपरि।

दिनांक 30–09–2021

भवदीय

30/9/21.

(विनय आर्या)
अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0 3
गोरखपुर।

Scanned with CamScanner